an>

Title: Need to set up CNG stations in all the prominent cities of Rajasthan.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : पूरे राजस्थान में वाहनों द्वारा होने वाले प्रदूषण को न्यूनतम करने की दृष्टि से भारत सरकार के पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से निवेदन किया गया था कि राजस्थान के मुख्य शहरों और राजमार्ग पर सी.एन.जी. आउटलेट खोले जाये ताकि सी.एन.जी. का मुख्य मोटर ईंधन के रूप में उपयोग हो सकें । माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा भी माननीय केन्द्रीय पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री को पत्र प्रेषित कर राज्य के मुख्य शहरों जयपुर , जोधपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेंर, भरतपुर, बीकानेर एवं अलवर आदि में सी.एन.जी. स्टेशन खोलने का अनुरोध किया जा चुका है। इस कार्य में हो रही देरी जहाँ एक ओर पर्यावरण सुरक्ष के राजस्थान राज्य के कार्यक्रमों को जोखिम में डाल रही है, वही माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस संबंध में दिये गये निर्णय की अनुपालना नहीं करने का दोषी भी बना रही है।

मैं माननीय केन्द्रीय पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री से अनुरोध करना चाहूंगा कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए, राजस्थान के सभी मुख्य शहरों जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर, भरतपुर बीकानेर एवं अलवर में सी.एन.जी. स्टेशन खोलने का शीघ्र निर्देश देने का कृपा करे ताकि वाहनों द्वारा होने वाले प्रदूषण को कम किया जा सके।